उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग,
गुरूकुल कांगड़ी, हरिद्वार

दूरभाष संख्या– (01334) 244143, 242331,242332

UTTARAKHAND PUBLIC SERVICE COMMISSION

सहायक समीक्षा अधिकारी (लेखा)/सहायक लेखाकार/निरीक्षक विधिक माप विज्ञान परीक्षा–2012

विज्ञापन संख्या – ए–4/ई–1/2012–13

विज्ञापन प्रकाशन की तिथि – 09 अगस्त, 2012

आवेदन पत्र स्वीकार किये जाने की अन्तिम तिथि– 10 सितम्बर, 2012

विस्तृत विज्ञापन आयोग की वेबसाइट–**www. ukpsc.gov.in** पर देखा जा सकता है।

अति महत्वपूर्ण निर्देशः–

1– अभ्यर्थी अपने उर्ध्वाधर एवं क्षैतिज आरक्षण से सम्बन्धित श्रेणी/उप श्रेणी का अंकन ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र के **कॉलम–14, 15 व 16** में अवश्य करें तथा तत्सम्बन्धी गोले को भी काले अथवा नीले बॉल प्वाइंट पेन से अवश्य काला/नीला करें। आरक्षण का दावा न किये जाने की दशा में रिट् याचिका (स्पेशल अपील) संख्याः 79/2010 राधा मित्तल बनाम उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग में मा0 उच्च न्यायालय, नैनीताल द्वारा पारित आदेश दिनांक 08.06.2010 तथा विशेष अनुज्ञा याचिका (सिविल) नं0(एस) 19532/2010 में मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांक 20.07.2010 के क्रम में आरक्षण का लाभ अनुमन्य नहीं होगा। आरक्षण विषयक प्रमाण पत्र विज्ञापन की अन्तिम तिथि तक अवश्य होना चाहिए।

2– अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि वह आवेदन पत्र स्वीकार किये जाने की अन्तिम तिथि अर्थात् 10 सितम्बर, 2012 तक अनिवार्य शैक्षिक एवं अन्य अर्हताएं अवश्य धारित करते हों। सहायक समीक्षा अधिकारी (लेखा) व सहायक लेखाकार के पद पर चयन हेतु इच्छुक अभ्यर्थी के पास कम्प्यूटर संचालन में ''ओ'' लेवल का प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है। परीक्षा के आगामी चरण में उक्त प्रमाण पत्र आयोग को उपलब्ध कराना आवश्यक होगा।

3– अभ्यर्थी अपने ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र की फोटो प्रति करवाकर अपने पास रखें तथा भविष्य में आयोग से किए जाने वाले समस्त पत्राचार में उक्त ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र संख्या का उल्लेख अवश्य करें। सूचित किया जाता है कि आवेदन पत्रों की छायाप्रति प्रदान करने हेतु सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के अधीन प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।

4– फर्जी प्रमाण पत्रों (शैक्षिक योग्यता/अनुभव/आरक्षण सम्बन्धी) के आधार पर आवेदन पत्र प्रस्तुत करने वाले अभ्यर्थियों को आयोग की समस्त परीक्षाओं से अधिकतम 10 वर्षों के लिए प्रतिवारित कर दिया जायेगा।

5– आयोग में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर दिए जाने के उपरान्त अर्हता, आरक्षण से सम्बन्धित श्रेणी/उप श्रेणी, आयु, वैकल्पिक विषय एवं परीक्षा केन्द्र आदि में किसी भी प्रकार का संशोधन या परिवर्तन का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जायेगा।

6– अभ्यर्थी इस विज्ञापन द्वारा विज्ञापित पदों के सापेक्ष मात्र एक ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र प्रस्तुत करेंगे। एक ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र के माध्यम से किया गया आवेदन समस्त विज्ञापित पदों (सहायक समीक्षा अधिकारी (लेखा)/सहायक लेखाकार/निरीक्षक, विधिक माप विज्ञान) हेतु मान्य होगा। अभ्यर्थी को प्रत्येक पद हेतु पृथक–पृथक आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। अतः एक नाम से एक से अधिक ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र, चाहे किसी भी कारणवश किये गये हों, कदापि स्वीकार नहीं किये जायेंगे तथा ऐसे सभी आवेदन निरस्त कर दिए जाएंगे।

7– आवेदन पत्र भरने के पूर्व विज्ञापन में वर्णित समस्त निर्देशों का भली–भांति अध्ययन कर लें तथा ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र को सही–सही भरें। ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र की समस्त प्रविष्टियां, जो लागू हों, उसे यथास्थान अवश्य प्रविष्ट करें।

8– सहायक समीक्षा अधिकारी (लेखा)/सहायक लेखाकार/निरीक्षक विधिक माप विज्ञान परीक्षा–2012 का विस्तृत विज्ञापन तथा पाठ्यक्रम आयोग की वेबसाइट– **www.ukpsc.gov.in** पर उपलब्ध है।

उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा **''सहायक समीक्षा अधिकारी (लेखा)/सहायक लेखाकार/निरीक्षक, विधिक माप विज्ञान परीक्षा–2012''** हेतु उपयुक्त अभ्ययर्थियों से ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। उपयुक्त अभ्यर्थियों का चयन करने हेतु हरिद्वार एवं नैनीताल जनपद के विभिन्न केन्द्रों पर मुख्य परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। आवेदन पत्र अत्यधिक संख्या में प्राप्त होने की दशा में अभ्यर्थियो की छंटनी हेतु इस विज्ञापन के **''परिशिष्ट–1''** में उल्लिखित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर एक प्रारम्भिक स्क्रीनिंग परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। अभ्यर्थियों को आवंटित परीक्षा केन्द्रों/परीक्षा तिथि की सूचना उन्हें प्रवेश पत्र के माध्यम से दी जायेगी। इच्छुक अभ्यर्थियों को ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र में अपना आवेदन प्रस्तुत करना होगा। ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र इस विज्ञापन के **क्रमांक–11(1)** में उल्लिखित शुल्क जमा करते हुये **क्रमांक–13** में उल्लिखित डाकघरों/उप डाकघरों से प्राप्त किये जा सकते हैं।

रिक्तियों की संख्या : रिक्तियों की कुल अनुमानित संख्या 31 है। रिक्तियों की यह संख्या घट–बढ़ सकती है। रिक्तियों का पदवार विवरण निम्नवत हैः–

क्र0 सं0	पदनाम/विभाग का नाम	वेतनमान	पदों की संख्या	आरक्षण श्रेणीवार			
				अनारक्षित	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	अन्य पिछड़ा वर्ग
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	सहायक समीक्षा अधिकारी (लेखा) सचिवालय प्रशासन विभाग	5200–20200 ग्रेड पे–2800	21	13	04	01	03
2.	सहायक लेखाकार उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग	5200–20200 ग्रेड पे–2800	02	02	–	–	–
3.	निरीक्षक, विधिक माप विज्ञान खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग	5200–20200 ग्रेड पे–2800	08	05	02	–	01

2. पदों हेतु अर्हताएंः–

(क) अनिवार्य शैक्षिक अर्हता :–

(i) सहायक समीक्षा अधिकारी (लेखा) – सचिवालय प्रशासन विभाग :

(अ) भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से बी0काम एकाउन्टेन्सी के साथ स्नातक उपाधि एवं कम्प्यूटर संचालन में अनुभव का 'ओ' लेवल का प्रमाण–पत्र।

(ब) देवनागरी लिपि में लिखित हिन्दी का ज्ञान।

(ii) सहायक लेखाकार – उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग :

(अ) बी.काम या पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन एकाउन्टेन्सी तथा कम्प्यूटर संचालन में 'ओ' लेवल का सर्टिफिकेट, जिसमें कम्प्यूटर पर 5000 की–डिप्रेशन (Key Depression) प्रतिघण्टा की गति होना आवश्यक है।

(ब) देवनागरी लिपि में हिन्दी का ज्ञान।

(iii) निरीक्षक, विधिक माप विज्ञान – खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग :

भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि या सरकार द्वारा उसके समकक्ष घोषित कोई अर्हता हो और उसे देवनागरी लिपि में हिन्दी का कार्यकारी ज्ञान हो।

(ख) **अधिमानी अर्हता :–** अन्य बातों के समान होने पर सीधी भर्ती के मामले में ऐसे अभ्यर्थियों को अधिमान दिया जायेगा, जिसने : (1) जिन्होंने प्रादेशिक सेना में न्यूनतम् 02 वर्ष की अवधि तक सेवा की हो, या,
(2) राष्ट्रीय कैडेट कोर का ''बी'' प्रमाण–पत्र प्राप्त किया हो।

(ग) भर्ती के लिए अनिवार्य अर्हता–

''उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग की परिधि के अन्तर्गत तथा लोक सेवा आयोग की परिधि के बाहर समूह 'ग' के पदों की भर्ती के लिए अनिवार्य/वांछनीय अर्हता नियमावली 2010'' के नियम 04 के अनुसार **'लोक सेवा आयोग की परिधि के अंतर्गत तथा लोक सेवा आयोग की परिधि के बाहर समूह 'ग' के पदों पर भर्ती हेतु वहीं अभ्यर्थी पात्र होगा जिसका नाम उत्तराखण्ड राज्य में स्थित किसी सेवायोजन कार्यालय में पंजीकृत होगा।'** अतः वही अभ्यर्थी आवेदन करें, जिनका नाम उत्तराखण्ड राज्य में स्थित किसी सेवायोजन कार्यालय में अवश्य पंजीकृत हो। पंजीकरण प्रमाण पत्र अद्यतन होना आवश्यक है। अभ्यर्थी पंजीकरण प्रमाण पत्र अपने पास रखें तथा ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र के कॉलम संख्या– 24 को अनिवार्यतः पूर्ण रूप से भरकर ही आयोग कार्यालय को प्रेषित करें। ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र के साथ संलग्न अनुदेश पुस्तिका के बिन्दु संख्या– 24 के नोट को इस प्रकार संशोधित समझा जाय **''रोजगार कार्यालय में पंजीकरण आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक अवश्य होना चाहिए।''**

नोट :– शासन के पत्रांकः 1097/XXX (2)/2011, दिनांक 08 अगस्त, 2011 के अनुसार ''जो व्यक्ति पूर्व से ही राज्याधीन सेवाओं में सेवायोजित है, किन्तु समूह 'ग' के पद हेतु आवेदन करने के इच्छुक है और आयोग के अधीन समूह 'ग' की प्रतियोगितात्मक परीक्षा देना चाहते हैं, उनके लिए सेवायोजन कार्यालय में पंजीकरण की अनिवार्यता नहीं है।'' किन्तु ऐसे अभ्यर्थी ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र के क्रम संख्या 24 में "हाँ" (yes) का अंकन अवश्य करें।

3. राष्ट्रीयता : सेवा में किसी पद पर सीधी भर्ती के लिए आवश्यक है कि अभ्यर्थी :–
(क) भारत का नागरिक हो; या (ख) तिब्बती शरणार्थी हो जो भारत में स्थायी निवास के आशय से पहली जनवरी,1962 के पूर्व भारत आया हो; या (ग) भारतीय उद्भव का ऐसा व्यक्ति हो जिसने भारत में स्थायी निवास के आशय से पाकिस्तान, वर्मा, श्रीलंका या किसी पूर्वी अफ्रीकी देश केनिया, युगांडा और यूनाइटेड रिपब्लिक ऑफ तन्जानिया (पूर्ववर्ती तांगानिका और जंजीबार) से प्रवर्जन किया होः परन्तु ऊपर श्रेणी (ख) या (ग) के अभ्यर्थी के लिए यह आवश्यक होगा कि वह सरकार से पात्रता का प्रमाण–पत्र प्राप्त कर ले।

परन्तु यह और कि श्रेणी (ख) के अभ्यर्थी से यह भी अपेक्षा की जायेगी कि वह पुलिस उप महानिरीक्षक, अभिसूचना शाखा, उत्तराखण्ड से पात्रता प्रमाण–पत्र प्राप्त कर लेः

परन्तु यह भी कि यदि कोई अभ्यर्थी उपर्युक्त प्रवर्ग (ग) का हो तो पात्रता का प्रमाण–पत्र एक वर्ष से अधिक अवधि के लिए जारी नहीं किया जायेगा और ऐसे अभ्यर्थी को एक वर्ष की अवधि से आगे सेवा में इस शर्त के अधीन रहते हुए रखा जायेगा कि उसने भारत की नागरिकता प्राप्त कर ली हो।

टिप्पणी :– ऐसे अभ्यर्थी को जिसके मामले में पात्रता का प्रमाण–पत्र आवश्यक हो किन्तु वह न तो जारी किया गया हो और न देने से इंकार किया गया हो, किसी परीक्षा या साक्षात्कार में सम्मिलित किया जा सकता है और उसे इस शर्त के अधीन रहते हुए अनन्तिम रूप से नियुक्त भी किया जा सकता है कि आवश्यक प्रमाण–पत्र उसके द्वारा प्राप्त कर लिया जायेगा या उसके पक्ष में जारी कर दिया जायेगा।

4. चरित्र :– सेवा में किसी पद पर सीधी भर्ती के लिए अभ्यर्थी का चरित्र ऐसा होना चाहिए कि वह सरकारी सेवा में सेवायोजन के लिए सभी प्रकार से उपयुक्त हो। नियुक्ति प्राधिकारी इस सम्बन्ध में अपना समाधान कर लेगा।
टिप्पणी :– संघ सरकार या किसी राज्य सरकार द्वारा या संघ सरकार या किसी राज्य सरकार के स्वामित्वाधीन या नियन्त्रणाधीन किसी स्थानीय प्राधिकारी या किसी निगम या निकाय द्वारा पदच्युत व्यक्ति सेवा में किसी पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होंगे। नैतिक अधमता के किसी अपराध के लिए दोष सिद्ध व्यक्ति भी नियुक्ति के पात्र नहीं होंगे।

5. वैवाहिक प्रास्थिति :– सेवा में किसी पद पर नियुक्ति के लिए ऐसा पुरूष अभ्यर्थी पात्र न होगा जिसकी एक से अधिक पत्नियां जीवित हों या ऐसी महिला अभ्यर्थी पात्र न होगी जिसने ऐसे पुरूष से विवाह किया हो जिसकी पहले से एक पत्नी जीवित हो; परन्तु राज्यपाल किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकती है यदि उसका यह समाधान हो कि ऐसा करने के लिए विशेष कारण विद्यमान हैं।

6. शारीरिक स्वस्थता :– किसी भी ऐसे अभ्यर्थी को सेवा में किसी पद पर नियुक्त नहीं किया जायेगा कि जब तक कि मानसिक व शारीरिक दृष्टि से उसका स्वास्थ्य अच्छा न हो और वह किसी ऐसे शारीरिक दोष से युक्त न हो जिससे उसे अपने कर्तव्यों को दक्षतापूर्वक पालन करने में बाधा पड़ने की सम्भावना हो। किसी अभ्यर्थी को नियुक्ति के लिए अन्तिम रूप से अनुमोदित किये जाने के पूर्व उससे (क) राजपत्रित पद या सेवा के मामले में आयुर्विज्ञान परिषद की परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी, (ख) सेवा के अन्य पदों के मामले में वित्तीय हस्त–पुस्तिका के खण्ड–2 भाग–3 के अध्याय तीन में समाविष्ट मूल नियम–10 के अधीन बनाये गये नियमों के अनुसार स्वस्थता प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अपेक्षित होगा।

7. वेतनमानः– वेतन बैण्ड–1, ₹ 5200–20200, ग्रेड पे ₹ 2800

8. पेंशन :– शासन की अधिसूचना संख्याः 21/XXVII(7)अं0पे0यो0/2005, दिनांक 15 अक्टूबर, 2005 के अनुसार चयनित अभ्यर्थियों के पेंशन के सम्बन्ध में ''अंशदायी पेंशन योजना'' के प्राविधान लागू होंगे।

9. आरक्षण : ऊर्ध्वाधर एवं क्षैतिज आरक्षण, **शासन द्वारा निर्गत तथा अद्यतन प्रचलित शासनादेश** के आधार पर **केवल उत्तराखण्ड राज्य के अधिवासी अभ्यर्थियों को** अनुमन्य होगा। आरक्षण संबंधी शासनादेशों के विस्तृत विवरण हेतु आयोग की वेबसाइट देखें।
(क) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित, पूर्व सैनिक, विशिष्ट खिलाड़ी, उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलनकारी/उनके पात्र आश्रित, निःशक्त (विकलांग) तथा महिला श्रेणी के **ऐसे अभ्यर्थी, जो उत्तराखण्ड राज्य के अधिवासी नहीं हैं, को आरक्षण का लाभ अनुमन्य नहीं होगा।** ऐसे अभ्यर्थी केवल अनारक्षित (सामान्य) श्रेणी के अन्तर्गत ही आवेदन कर सकेंगे।
(ख) यदि अभ्यर्थी एक से अधिक उपश्रेणी में आरक्षण का दावा करता है तो वह केवल एक उपश्रेणी, जो उसके लिए अधिक लाभदायक होगी, का लाभ पाने का पात्र होगा।
(ग) आरक्षण के लाभ का दावा करने वाले अभ्यर्थियों के पास आवेदन पत्र स्वीकार किए जाने की अन्तिम तिथि तक अपनी श्रेणी/उपश्रेणी के समर्थन में इस विज्ञापन के ''परिशिष्ट–2'' में मुद्रित निर्धारित प्रारूप पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र होना आवश्यक है। आरक्षण के सम्बन्ध में जिस श्रेणी से सम्बन्धित निर्धारित प्रारूप का उल्लेख **''परिशिष्ट–2''** में नहीं है, उससे सम्बन्धित प्रमाण–पत्र, सम्बन्धित विभाग के सक्षम अधिकारी द्वारा निर्धारित प्रारूप पर जारी किया गया होना आवश्यक है। जहाँ शपथ–पत्र प्रस्तुत करना भी आवश्यक हो वहाँ वांछित शपथ–पत्र मजिस्ट्रेट अथवा नोटरी द्वारा विधिवत प्रमाणित हो।

10. <u>आयु–सीमा :–</u> (क) सहायक समीक्षा अधिकारी (लेखा)/सहायक लेखाकार/निरीक्षक विधिक माप विज्ञान हेतु आयु न्यूनतम 21 वर्ष की होनी चाहिए और 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। **आयु गणना की विनिश्चायक तिथि 01 जुलाई, 2012 है अर्थात् अभ्यर्थी का जन्म 02 जुलाई, 1977 से पूर्व का नहीं होना चाहिए तथा 01 जुलाई, 1991 के बाद का नहीं होना चाहिए।**

(ख) <u>उच्चतम आयु सीमा में छूटः–</u> विभिन्न श्रेणियों/उप श्रेणियों हेतु नियमावली एवं समय–समय पर प्रवृत्त शासनादेशानुसार द्वारा प्रदत्त उच्चतम आयु सीमा में छूट अनुमन्य होगी। उच्चतम आयु सीमा में छूट संबंधी शासनादेशों के विस्तृत विवरण हेतु आयोग की वेबसाइट देखें।

11. <u>शुल्क :–</u>

(1) <u>प्रारम्भिक स्क्रीनिंग परीक्षा हेतुः–</u> प्रत्येक अभ्यर्थी से ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र की कीमत के रूप में शुल्क लिया जाएगा, जिसका विवरण ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र के लिफाफे पर मुद्रित है। अनारक्षित (सामान्य)/ उत्तराखण्ड के अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थी/उत्तराखण्ड के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित अभ्यर्थी व अन्य राज्य के सभी अभ्यर्थियों के लिए ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र की कीमत **₹** 220/– तथा उत्तराखण्ड के अनुसूचित जाति/उत्तराखण्ड अनुसूचित जन जाति/उत्तराखण्ड शारीरिक रूप से विकलांग अभ्यर्थियों के लिए निर्धारित शुल्क **₹** 130 है।

उत्तराखण्ड के पूर्व सैनिक/विशिष्ट खिलाड़ी/महिला/उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलनकारी तथा उनके पात्र आश्रित जिस वर्ग या श्रेणी, यथा–अनारक्षित या अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के होंगे उन्हें उसी वर्ग/श्रेणी हेतु निर्धारित शुल्क जमा करना होगा।

<u>नोट :–</u> अभ्यर्थियों द्वारा ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र के साथ ट्रेजरी चालान या बैंक ड्राफ्ट या अन्य किसी माध्यम से कोई अतिरिक्त शुल्क अदा नहीं किया जाना है।

(2) <u>मुख्य परीक्षा हेतुः</u> प्रारम्भिक स्क्रीनिंग परीक्षा के आधार पर मुख्य परीक्षा हेतु सफल घोषित अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा का शुल्क नियमानुसार देना होगा।

12. <u>परीक्षा योजना तथा पाठ्यक्रमः</u> विज्ञापन के **परिशिष्ट–3** में परीक्षा की योजना तथा प्रारम्भिक स्क्रीनिंग परीक्षा व लिखित परीक्षा का पाठ्यक्रम स्पष्ट किया गया है।

13. <u>आवेदन कैसे करें:–</u>

परीक्षा हेतु ओ.एम.आर. आवेदन पत्र निर्देशों सहित **<u>दिनांक 09 अगस्त, 2012</u>** से निम्नलिखित डाकघरों से **क्रमांक–11 (1)** में निर्धारित शुल्क का भुगतान कर प्राप्त किये जा सकते हैं। अभ्यर्थी ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र के साथ संलग्न **''ओ.एम.आर. आवेदन पत्र भरने हेतु निर्देश''** डाकघर से अवश्य प्राप्त कर लें। ओ0एम0आर0 आवेदन पत्रों को भरने से पहले अभ्यर्थी उक्त निर्देशों को तथा इस विज्ञापन के समस्त बिन्दुओं (विशेषकर बिन्दु–14) को, ध्यानपूर्वक अवश्य पढ़ें।

<u>जिलेवार डाकघर की शाखायें जहाँ से ओ0एम0आर0 आवेदन–पत्र प्राप्त किये जा सकते हैं:–</u>

(1) अल्मोड़ा– मुख्य डाकघर–अल्मोड़ा, प्रधान डाकघर–रानीखेत, भिकियासैण, द्वाराहाट, मासी,।
(2) बागेश्वर– मुख्य डाकघर–बागेश्वर, बैजनाथ, कपकोट, कांडा।
(3) चमोली– मुख्य डाकघर–गोपेश्वर, जोशीमठ, चमोली, कर्णप्रयाग।
(4) चम्पावत– मुख्य डाकघर–चम्पावत, लोहाघाट, देवीधूरा, टनकपुर।
(5) देहरादून–देहरादून–(जी.पी.ओ.), मसूरी, ऋषिकेश, विकास नगर, प्रेमनगर, राजपुर, डोईवाला, चकराता।
(6) हरिद्वार– मुख्य डाकघर–हरिद्वार, रूड़की, लक्सर, बी.एच.ई.एल., हरिद्वार।

(7) नैनीताल– मुख्य डाकघर–नैनीताल, रामनगर, हल्द्वानी, ओखलकांडा।

(8) गढ़वाल– मुख्य डाकघर–पौड़ी, कोटद्वार, लैन्सडाउन, श्रीनगर, धूमाकोट।

(9) पिथौरागढ़– मुख्य डाकघर–पिथौरागढ़, गंगोलीहाट, बेरीनाग, डीडीहाट, धारचूला, थल, मुन्सियारी।

(10) रूद्रप्रयाग– मुख्य डाकघर–रूद्रप्रयाग, ऊखीमठ।

(11) टिहरी गढ़वाल– मुख्य डाकघर–न्यू टिहरी, नरेन्द्र नगर, घनसाली।

(12) ऊधम सिंह नगर– मुख्य डाकघर–रूद्रपुर, पन्तनगर, काशीपुर, खटीमा।

(13) उत्तरकाशी– मुख्य डाकघर–उत्तरकाशी, बड़कोट, पुरोला।

14. ओ0एम0आर0 आवेदन–पत्र भरने हेतु अनुदेशः–

आवेदन पत्र अभ्यर्थी स्वयं भरें । चूंकि ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र की कम्प्यूटर द्वारा स्कैनिंग की जाएगी, अतः अभ्यर्थी आवेदन पत्र के रख–रखाव और उसे भरने में पूर्ण सावधानी बरतें। ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र में समस्त प्रविष्टियां काले अथवा नीले बॉल प्वाइंट पेन से करें।

(1) ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र के **कॉलम–1 व 2** में अभ्यर्थी क्रमशः अपना नाम व पिता/पति का नाम भरें।

(2) ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र के **कॉलम–3** में अभ्यर्थी अपना पत्र व्यवहार का पता व पिन कोड भरें।

(3) ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र के **कॉलम–4 व 5** में अभ्यर्थी क्रमशः अपना नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ चस्पा करें व हस्ताक्षर करें।

(4) ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र के **कॉलम–6** में अभ्यर्थी विज्ञापन संख्या **ए–4/ई0–1/2012–13** भरें।

(5) ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र के **कॉलम–7** (परीक्षा का नाम) के वृत्त में अभ्यर्थी **"Others"** भरें जबकि सम्बन्धित बॉक्स में **Accountant / Inspector** भरें।

(6) ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र के **कॉलम–8** में अभ्यर्थी परीक्षा का वर्ष **2012** भरें।

(7) ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र के **कॉलम–9, 10 व 11** में अभ्यर्थी क्रमशः अपनी जन्म तिथि, लिंग व नागरिकता भरें।

(8) ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र के **कॉलम–12** में अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र कोड विज्ञापन के **परिशिष्ट–1** के अनुसार भरें।

(9) ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र के **कॉलम–13** में अभ्यर्थी मूल/स्थायी निवास की सूचना भरें।

(10) ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र के **कॉलम–14, 15 व 16** में अभ्यर्थी, यदि आरक्षण का लाभ चाहते हैं तो, अपनी उर्ध्वाधर/क्षैतिज आरक्षण श्रेणी (एक या एक से अधिक जो भी हो) की सूचना भरें। **कॉलम–14, 15 व 16 में अपनी आरक्षण श्रेणी के अनुसार आरक्षण का दावा न करने वाले अभ्यर्थी को किसी भी दशा में आरक्षण का लाभ प्राप्त नहीं होगा।**

(11) ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र के कॉलम–17 को रिक्त छोड़ दें। प्रारम्भिक स्क्रीनिंग परीक्षा में वैकल्पिक विषय नहीं हैं।

(12) ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र के कॉलम–18 में अभ्यर्थी आवेदित पद हेतु अनिवार्य शैक्षिक अर्हता धारित करने की वह तिथि भरें, जो उक्त अर्हता प्राप्त किए जाने से संबंधित अंकतालिका में अंकित हो। जो अभ्यर्थी आवेदित पद की अनिवार्य शैक्षिक अर्हता, आवेदन पत्र स्वीकार किए जाने की अन्तिम तिथि 10 सितम्बर, 2012 तक पूर्ण नहीं करते हैं अथवा अन्तिम तिथि तक अनिवार्य शैक्षिक अर्हता की परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हों अथवा जिनका परीक्षाफल आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि तक प्राप्त न हुआ हो, वे उक्त पदों के लिए आवेदन न करें।

(13) ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र के कॉलम–19 में आयु सीमा में छूट पाने हेतु अपनी श्रेणी/उपश्रेणी भरें। कॉलम–19 में अपनी श्रेणी/उपश्रेणी के अनुसार आयु में छूट का दावा न करने वाले अभ्यर्थी को किसी भी दशा में आयु सीमा में कोई छूट प्रदान नहीं दी जाएगी।

अभ्यर्थी यदि कॉलम–19 में एक से अधिक श्रेणी/उप श्रेणियों में आयु सीमा में छूट प्रदान किये जाने का दावा करते हैं तो वह केवल एक श्रेणी/उप श्रेणी जो उनके लिए अधिक लाभदायक होगी, के अन्तर्गत ही आयु सीमा में छूट का लाभ प्राप्त करने का पात्र होगा।

(14) ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र के **कॉलम–20, 21व 22** में अभ्यर्थी, ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र के साथ प्राप्त अनुदेश के तालिका 1 व 2 के अनुसार सूचना **विशेष ध्यानपूर्वक** भरें।

(15) ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र के **कॉलम–23** में अभ्यर्थी अपना स्थायी पता व पिन कोड भरें।

(16) ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र का **कॉलम–24** अभ्यर्थी सेवायोजन कार्यालय में पंजीकरण संबंधी सूचना भरे।

(17) ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र के **कॉलम–25, 26 व 27 में** घोषणा को ध्यानपूर्वक पढ़ें तथा स्थान, दिनांक की सूचना सहित नाम व हस्ताक्षर अंकित करें। **कॉलम–27 में अभ्यर्थी का हस्ताक्षर न होने की दशा में आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जाएगा।**

15. संलग्नक: अभ्यर्थी ओ0एम0आर0 आवेदन–पत्र के साथ आवश्यक अभिलेखों को निम्नलिखित क्रम में संलग्न करें :–

(1) पावती हेतु अभ्यर्थी आवेदन पत्र के साथ अपना पूरा पता लिखा एक पोस्ट कार्ड अवश्य संलग्न करें, जिस पर पद का नाम, विज्ञापन संख्या तथा अभ्यर्थी का पूरा पता अंकित होना चाहिए।

(2) अभ्यर्थी अपने ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र में निर्धारित स्थान पर नवीनतम् फोटोग्राफ चस्पा करे तथा फोटो के नीचे पठनीय हस्ताक्षर भी करें। उक्त अनुदेश का पालन न करने पर आवेदन–पत्र निरस्त कर दिया जायेगा।

नोट : ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र के विभिन्न स्तम्भों में अंकित सूचनाओं के अतिरिक्त कोई अन्य प्रमाण–पत्र संलग्न नहीं करना है।

16. आवेदन–पत्र कार्यालय में प्राप्त होने की अन्तिम तिथि: सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन–पत्र समस्त संलग्नकों सहित डाक अथवा अन्य किसी भी माध्यम से **सचिव, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, गुरुकुल कांगड़ी, हरिद्वार–249404** के कार्यालय में **दिनांक 10 सितम्बर, 2012 की सायं 06.00 बजे** तक अथवा उसके पूर्व अवश्य प्राप्त हो जाने चाहिए। अभ्यर्थी आवेदन–पत्र आयोग कार्यालय के डाक काउन्टर पर उक्त अन्तिम तिथि तक हाथों–हाथ भी जमा कर सकते है। अन्तिम तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों को अस्वीकार करते हुए कालबाधित **(Time Barred)** अंकित कर वापस कर दिया जायेगा। फैक्स द्वारा प्रेषित आवेदन–पत्र/बैरंग आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे। **डाक द्वारा विलम्ब से प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों के लिए आयोग जिम्मेदार नहीं होगा।**

17. मुख्य परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों के लिए अनुदेश :–

(1) आयोग द्वारा प्रारम्भिक स्क्रीनिंग परीक्षा आयोजित किए जाने की दशा में सफल घोषित होने वाले अभ्यर्थी ही मुख्य परीक्षा में सम्मिलित किए जायेंगे, परन्तु प्रारम्भिक परीक्षा के प्राप्तांक, मुख्य परीक्षा के प्राप्तांक में सम्मिलित नहीं किये जायेंगे।

(2) अभ्यर्थी सावधानीपूर्वक नोट कर लें कि मुख्य परीक्षा में वे उसी अनुक्रमांक पर परीक्षा में बैठेंगे जो उन्हें प्रारम्भिक स्क्रीनिंग परीक्षा के लिए आवंटित किया गया हो।

(3) मुख्य परीक्षा के लिये सफल घोषित अभ्यर्थियों को इंटरनेट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन (Online Application) करना होगा। इस संबंध में विस्तृत विवरण मुख्य परीक्षा के पूर्व अभ्यर्थियों को प्रेषित किए जाएंगे।

(4) मुख्य परीक्षा के आवेदन पत्र में अभ्यर्थियों से सहायक समीक्षा अधिकारी (लेखा)/सहायक लेखाकार/निरीक्षक, विधिक माप विज्ञान पद हेतु **Preference** लिए जाएंगे।

(5) मुख्य परीक्षा के आवेदन पत्र के साथ अभ्यर्थी को शैक्षिक योग्यताओं एवं आरक्षण के सम्बन्ध में किए गए दावे (जो उन्होने ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र में किए हैं) की पुष्टि में अंकपत्र एवं अन्य समस्त प्रमाण पत्रों/अभिलेखों की स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। दावे की पुष्टि में प्रमाण–पत्र/अभिलेख संलग्न न करने पर अथवा प्रमाण पत्र/अभिलेख स्वप्रमाणित न होने पर आवेदन पत्र अस्वीकृत कर दिया जायेगा।

(6) मुख्य परीक्षा हेतु तिथियाँ तथा केन्द्र बाद में आयोग द्वारा निर्धारित किये जायेंगे जिसकी सूचना अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र के माध्यम से तत्समय दी जाएगी।

(7) मुख्य परीक्षा के प्रश्न–पत्र हिन्दी व अंग्रेजी दोनों भाषाओं में होंगे तथा प्रश्नों के उत्तर की भाषा प्रश्न–पुस्तिका एवं उत्तर पुस्तिका के अनुदेशों के अनुसार होगी। ''सामान्य हिन्दी'' के प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा में अथवा प्रश्न पुस्तिका के निर्देशानुसार व ''अंग्रेजी'' के प्रश्नों के उत्तर अंग्रेजी भाषा अथवा प्रश्न पुस्तिका के निर्देशानुसार देने होंगे।

(8) अभ्यर्थियों के मूल प्रमाण पत्रों की जॉच आयोग द्वारा परीक्षा के आगामी चरण में की जाएगी तथा उस समय अभ्यर्थियों को अपने विभागाध्यक्ष अथवा उस संस्था के प्रधान द्वारा जहां उन्होंने शिक्षा पायी हो अथवा किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित पासपोर्ट आकार का दो फोटोग्राफ भी प्रस्तुत करना होगा।

(9) केन्द्र अथवा राज्य सरकार के अधीन कार्यरत अभ्यर्थियों को अपने सेवा नियोजक का '**अनापत्ति प्रमाण–पत्र' मूल रूप में** प्रस्तुत करना होगा।

नोट : अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा के आवेदन पत्रों में किये जाने वाले अपने समस्त दावे की पुष्टि में प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। यदि वे समस्त दावे की पुष्टि में प्रमाण–पत्र संलग्न नहीं करते है तो उनका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जाएगा।

18. अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण निर्देश :–

(1) अभ्यर्थी को प्रश्नों के उत्तर स्वयं देने होंगे। किसी भी परिस्थिति में अभ्यर्थी को उत्तर देने के लिए कोई श्रुत लेखक नहीं दिया जाएगा; परन्तु दृष्टिहीन अभ्यर्थियों के लिए श्रुत लेखक की व्यवस्था अनुमन्य होगी। श्रुत लेखक की शैक्षिक अर्हता इण्टरमीडिएट से अधिक नहीं होगी। दृष्टिहीन अभ्यर्थियों को प्रत्येक घण्टे के लिए 10 मिनट का अतिरिक्त समय अनुमन्य होगा, परन्तु श्रुतलेखक की अनुमति आयोग से परीक्षा की तिथि से 10 दिन पूर्व अवश्य प्राप्त करनी होगी, जिसके लिए अभ्यर्थी द्वारा श्रुतलेखक की शैक्षिक अर्हता सम्बन्धी प्रमाण पत्र शपथ पत्र के साथ प्रार्थना पत्र सहित आयोग के समक्ष प्रस्तुत करना होगा।

(2) गलत उत्तरों के लिए दण्डः– वस्तुनिष्ठ प्रश्न पत्रों में अभ्यर्थी द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दण्ड **(ऋणात्मक मूल्यांकन)** दिया जाएगा।

(क) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार विकल्प उत्तर हैं। अभ्यर्थी द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गये अंकों का एक चौथाई दण्ड के रूप में काटा जाएगा।

(ख) प्रत्येक प्रश्न का यदि अभ्यर्थी एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे गलत उत्तर माना जाएगा; यदि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही भी हो, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपरोक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा।

(ग) यदि अभ्यर्थी द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है अर्थात् अभ्यर्थी द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए कोई दण्ड नहीं होगा।

(3) वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न पत्रों से सम्बन्धित उत्तर कुंजी/कुंजियों का विवरण परीक्षा समाप्ति के उपरान्त आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित कर दिया जाएगा और अभ्यर्थी उत्तर कुंजी के प्रकाशन के पश्चात आयोग द्वारा विहित अवधि के भीतर प्रश्न एवं सम्बन्धित उत्तर के सम्बन्ध में अपना प्रत्यावेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। इस अवधि के उपरान्त प्राप्त प्रत्यावेदनों पर आयोग द्वारा कोई विचार नहीं किया जाएगा।

(4) वस्तुनिष्ठ प्रकार (Objective Type) के प्रश्न पत्रों में कैलकुलेटर का प्रयोग वर्जित है। लिखित परीक्षा में अभ्यर्थी केवल नॉन प्रोग्रामेबल किस्म के सरल बैटरी चालित पाकेट कैलकुलेटर का प्रयोग इस प्रतिबन्ध के अधीन कर सकते हैं कि सम्बन्धित प्रश्न–पत्र के निर्देश/नोट में भी इसके प्रयोग की अनुमति का उल्लेख हो।

(5) परीक्षा केन्द्र परिसर में परीक्षा के दौरान अभ्यर्थी द्वारा फोटो कैमरा, मोबाइल फोन, पेजर्स, स्कैनर पेन अथवा किसी अन्य प्रकार के संचार यंत्र अथवा अन्य किसी इलेक्ट्रानिक उपकरण के प्रयोग की अनुमति नहीं है। यदि वे इन अनुदेशों का उल्लंघन करते हुए पाये जाते हैं तो उन पर लोक सेवा आयोग द्वारा भविष्य में आयोजित की जाने वाली इस अथवा सभी परीक्षाओं में बैठने पर रोक सहित अन्य कार्यवाही की जा सकती है। अभ्यर्थियों को उनके हित में सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा स्थल पर फोटो कैमरा, मोबाइल फोन/पेजर्स, स्कैनर पेन अथवा किसी अन्य प्रकार के संचार यंत्र अथवा किसी अन्य प्रकार के इलेक्ट्रानिक उपकरण सहित किसी प्रकार की प्रतिबन्धित सामग्री न लायें क्योंकि उनकी सुरक्षा का प्रबन्ध सुनिश्चित नहीं किया जा सकता है।

(6) अनुचित साधन सख्ती से प्रतिबन्धितः– कोई भी अभ्यर्थी किसी भी अन्य अभ्यर्थी के पेपरों से न तो नकल करेगा, न ही अपने पेपरों से नकल करवायेगा, न ही किसी अन्य तरह की अनुचित सहायता देगा, न ही सहायता देने का प्रयास करेगा, न ही सहायता प्राप्त करेगा और न ही प्राप्त करने का प्रयास करेगा।

(7) परीक्षा भवन में आचरण :– कोई भी अभ्यर्थी किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार न करें तथा परीक्षा हाल में अव्यवस्था न फैलायें तथा परीक्षा के संचालन हेतु आयोग द्वारा तैनात स्टॉफ को परेशान न करें। ऐसे किसी भी दुराचरण के लिए कठोर दण्ड दिया जाएगा।

(8) अँगूठे का निशान (Thumb Impression):– सभी अभ्यर्थी परीक्षा कक्ष में अपनी परीक्षा की उत्तर पुस्तिका के निर्धारित स्थान पर अपने अँगूठे का निशान (पुरूष अभ्यर्थी की दशा में बाँये अँगूठे का निशान तथा महिला अभ्यर्थी की दशा में दाँये अँगूठे का निशान) अवश्य अंकित करेंगे।

(9) परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे परीक्षा में प्रवेश हेतु सभी पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं। परीक्षा के सभी स्तरों पर उनका प्रवेश पूर्णतः अनन्तिम होगा बशर्ते कि वे निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करते हों। उम्मीदवार को मात्र प्रवेश पत्र जारी किए जाने का यह अर्थ नहीं होगा कि उसकी उम्मीदवारी आयोग द्वारा अन्तिम रूप से सुनिश्चित कर दी गयी है। यदि किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी अर्ह नहीं था अथवा उसका आवेदन पत्र अस्वीकृत किया जाना चाहिए था अथवा वह प्रारम्भिक स्तर पर ही स्वीकार किए जाने योग्य नहीं था, तो उसका अभ्यर्थन सरसरी तौर पर निरस्त कर दिया जाएगा और यदि वह अन्तिम रूप से चुन लिया जाता है तो भी आयोग की संस्तुति वापस ले ली जाएगी।

(10) एक लिफाफे में एक से अधिक आवेदन पत्र या एक लिफाफे में एक से अधिक विज्ञापनों से सम्बन्धित आवेदन पत्र प्राप्त होने की दशा में सभी आवेदन पत्र अस्वीकृत किए जाने योग्य होंगे। **यदि कोई अभ्यर्थी इस परीक्षा के लिए**

अपने नाम से एक से अधिक आवेदन पत्र प्रस्तुत करता है तो उसके सभी आवेदन पत्र अस्वीकृत कर दिए जाएंगे तथा उनका अभ्यर्थन भी रद्द कर दिया जाएगा।

(11) **अन्तिम तिथि एवं समय के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर किसी भी दशा में विचार नहीं किया जाएगा।** अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र तथा ऐसे आवेदन पत्र जिस पर अभ्यर्थियों के हस्ताक्षर नहीं हैं, समयान्तर्गत प्राप्त होने के बावजूद, सरसरी तौर पर अस्वीकृत कर दिए जाएंगे।

(12) हाईस्कूल प्रमाण पत्र में अंकित जन्मतिथि ही मान्य होगी। अभ्यर्थी को मुख्य परीक्षा के आवेदन पत्र के साथ हाईस्कूल अथवा समकक्ष परीक्षा का प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। जन्मतिथि हेतु उक्त प्रमाण पत्र के अतिरिक्त अन्य कोई अभिलेख मान्य नहीं होगा तथा उक्त प्रमाण पत्र संलग्न न किए जाने पर आवेदन पत्र अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

(13) यदि कोई अभ्यर्थी निर्धारित शुल्क से कम शुल्क जमा करता है तो उसका आवेदन पत्र/अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा।

(14) अभ्यर्थी ओ0एम0आर0 आवेदन–पत्र पर ही आवेदन करेंगे। किसी अन्य प्रकार से किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(15) अभ्यर्थियों को सचेत किया जाता है कि वे पूर्णतया यह संतुष्ट हो जाने के पश्चात् कि वे विज्ञापन/परीक्षा की सभी शर्तों को पूरा करते है, आवेदन करें और परीक्षा में बैठे।

